# जिला सैनिक कल्याण विभाग, मण्डी हिमाचल प्रदेश के पुनः निर्माण एवं पुनर्वास निधि के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/11 से 3/14

## भाग–एक

**1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–**

गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में सम्मिलित अनिर्णीत पैरों के समायोजन हेतु की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के पश्चात पैरों की स्थिति निम्न प्रकार से पाई गई। अतः बकाया अनिर्णीत पैरों के निपटारे हेतु यथाशीघ्र उचित कार्रवाई करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(क) अवधि 12/78 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–6 (ए) (1) | अनिर्णीत | |
| **(ख) अवधि 3/84 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षणप्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–5 (बी) | निर्णीत | (अपेक्षित अभिलेख के सत्यापनोपरान्त) |
| **(ग) अवधि 3/85 तक का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–5 (i) (ए) | अनिर्णीत | |
| 2 | पैरा–5 (ii) (बी) | निर्णीत | (अपेक्षित अभिलेख के सत्यापनोपरान्त) |
| **(घ) अवधि 3/87 तक का गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–5 | अंशतः निर्णीत | (अपेक्षित अभिलेख के सत्यापनोपरान्त – क्रम संख्या 3, 4, 5, 9, 14, 15, 16, 20, 22, 25 तथा 29 निर्णीत) |
| **(ङ) अवधि 3/92 तक का गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–6 | अंशतः निर्णीत | (अपेक्षित अभिलेख के सत्यापनोपरान्त – क्रम संख्या 1 व 7 निर्णीत) |
| **(च) अवधि 3/95 तक का गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–6 (क) | अंशतः निर्णीत | (क्रम संख्या 5, 6, 8, 11, 13, 24, 26 व 33 की रसीदें पुनः लेखा परीक्षा में नहीं दर्शाई गई) |
| **(छ) अवधि 3/96 तक का गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 1 | पैरा–6 | अंशतः निर्णीत | (अपेक्षित अभिलेख के सत्यापनोपरान्त – क्रम संख्या 13, 14, 77, 82 की रसीदें नहीं दर्शाई गई) |
| **(ज) अवधि 3/01 तक का गत अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन** | | | |
| 2 | पैरा–6 (ख) | अंशतः निर्णीत | (अपेक्षित अभिलेख के सत्यापनोपरान्त) |
| **(झ) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/08 से 3/11** | | | |
| 1 | पैरा–3 | निर्णीत | (वित्तीय स्थिति पुनः प्रारूपित) |
| 2 | पैरा–4 | निर्णीत | ( अंकेक्षण शुल्क की ₹1200/– बैंक ड्राफट संख्या 738769 दिनांक 1.10.14 द्वारा प्राप्त कर ली गई) |
| 3 | पैरा–5 | अनिर्णीत | |
| 4 | पैरा–6 | अंशतः निर्णीत | (अपेक्षित अभिलेख के सत्यापनोपरान्त – क्रम संख्या 7 की रसीदें दिखाई जानी अपेक्षित है) |

# भाग–दो

## 2 वर्तमान लेखा परीक्षाः–

अवधि 4/2011 से 3/2014 तक के जिला सैनिक कल्याण विभाग मण्डी के पुनः निर्माण एवं पुनर्वास निधि के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये है, श्री मोहिन्द्र कुमार अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनाँक 29.10.14 को किया गया। आय के लिए माह 7/2011 व व्यय के लिए माह 10/11 का विस्तृत जाँच हेतु चयन किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान संस्था में निम्नलिखित संस्थाध्यक्ष कार्यरत्त रहेः–**

| क्र0सं0 | नाम व पदनाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | मेजर (से0नि0) बी0एस0 भारद्वाज | 1.4.11 से 30.9.12 |
| 2 | श्री डी0आर0 धीमान (एच0ए0एस0) | 20.11.12 से 7.2.13 |
| 3 | श्री शुभ करण सिंह (एच0ए0एस0) | 8.2.13 से 21.2.13 |
| 4 | श्री श्रृगवेद मिलिन्द ठाकुर (आई0ए0एस0) | 22.2.13 से 20.5.13 |
| 5 | कु0 नीलम दूल्टा (एच0ए0एस0) | 21.5.13 से 31.3.14 |

यह अंकेक्षण प्रतिवेदन उक्त संस्था द्वारा प्रदान की गई सूचनाओं व अंकेक्षण में प्रस्तुत अभिलेख के आधार पर तैयार किये गये है। उक्त संस्था द्वारा प्रदान की गई किसी गलत सूचना अथवा कोई सूचना प्रदान न करने के लिए स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं है।

## 3 अंकेक्षण शुल्कः–

पुनः निर्माण एवं पुनर्वास निधि के अवधि 4/11 से 3/14 के लेखाओं का अंकेक्षण शुल्क ₹600/– आंका गया। उक्त राशि को रेखाँकिंत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग शिमला–9 को भेजने हेतु अनुभाग अधिकारी लेखा परीक्षा की अधियाचना संख्या फिन एल0ए0 (ए0पी0एम0सी0) मण्डी 10/14–1008 दिनाँक 29.10.14 द्वारा उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण मण्डी से अनुरोध किया गया। संस्था द्वारा उपरोक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को रेखाँकिंत बैंक ड्राफ्ट संख्या TQI-853402 दिनाँक 20.11.14 द्वारा प्रेषित कर दी गई।

## 4 वित्तीय स्थितिः–

**(क)** जिला सैनिक कल्याण विभाग मण्डी द्वारा प्रस्तुत पुनः निर्माण एवं पुनर्वास निधि की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से हैः–

| वर्ष | गत शेष | आय | ब्याज | कुल योग | भुगतान | अन्तशेष |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2011–12 | 534218 | 125000 | 24102 | 683320 | 1200 | 682120 |
| 2012–13 | 682120 | – | 27557 | 709677 | – | 709677 |
| 2013–14 | 709677 | – | 28669 | 738346 | – | 738346 |
| | | | | | **रोकड़ बही अनुसार 31.3.14 को अन्तशेष** | **₹738346** |
| | | | | | **बैंक खाता संख्या 0138308 में 31.3.14 को जमा राशि** | **₹738346** |

**(ख) निवेशः–** पुनः निर्माण एवं पुनर्वास निधि से अंकेक्षण अवधि 4/11 से 3/14 के दौरान कोई भी राशि सावधि जमा में निवेश नहीं की गई।

**5 पुनः निर्माण एवं पुनर्वास निधि में गतिविधियों का संचालन न करनाः–**

पुनः निर्माण एवं पुनर्वास निधि के अवधि 4/2011 से 3/2014 के लेखओं के अभिलेख की जाँच पड़ताल करने पर पाया गया कि माह 7/2011 के दौरान भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए छात्रवृति हेतु ₹125000/– प्राप्त हुई थी जिसे खर्च नहीं किया गया है। लेखों का अवलोकन करने पर यह भी पाया गया कि अंकेक्षण अवधि के दौरान उक्त निधि से केवल नाममात्र ही गतिविधियाँ ही की गई है जिससे निधि का मूल उद्देश्य पूर्ण नहीं होता है। अतः सुझाव दिया जाता है कि पुनःनिर्माण एवं पुनर्वास निधि से भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए गतिविधियाँ शुरू करके नियमानुसार व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**6 लघु आपत्ति विवरणिकाः–** इसे अलग से जारी नहीं किया गया।

**7 निष्कर्षः–** लेखों का रख रखाव सन्तोषजनक पाया गया।

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याः– फिन (एल0ए0)(एच)(2)सी 15(14) 39/76 खण्ड–7–1803–1806दिनांक07.04.2015, शिमला–171009

प्रतिलिपि निम्न को प्रेषित की जाती है :–

**पंजीकृत** :–1 उप निदेशक जिला सैनिक कल्याण विभाग मण्डी जिला मण्डी हिमाचल प्रदेश को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजें।

2 अतिरिक्त सचिव (सामान्य प्रशासन) हि0प्र0 सरकार शिमला–2

3 निदेशक, राज्य सैनिक कल्याण हमीरपुर, जिला हमीरपुर हि0प्र0

4 श्री मोहिन्द्र कुमार, अनुभाग अधिकारी द्वारा.....................

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश शिमला–171009.